हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे तथा उद्योगों के साथ नवाचार को भी प्राथमिकता दी है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सिरसा के जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ और हरकी देवी शिक्षण संस्थान ओढ़ा के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज प्रदेश के विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की, मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में पंजाब के साथ लगती सभी सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई गई।

पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार, मतदान 9 मार्च को होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे तथा उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है। रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित

करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन की सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे-केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वेबिनार के विषय लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करते हैं।

इन्वेस्टिंग इन पीपल इकोनॉमी एंड इनोवेशन यह एक ऐसी थीम है जो विकसित भारत के रोड मैप को डिफाइन करती है। इस साल के बजट में आपको इसका प्रभाव भी बहुत बड़े स्केल पर दिख रहा है। इसलिए यह बजट भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बनकर सामने आया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं।

****
****

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सिरसा के जन नायक चौधरी देवी लाल विद्यापीठ और माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान ओढ़ा में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की।माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान ओढ़ा में आयोजित दीक्षांत समारोह में संस्थान के संस्थापक अभय सिंह चौटाला, विधायक आदित्य चौटाला, कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने जननायक चौधरी देवी लाल विद्यापीठ के 400 से अधिक विद्यार्थियों और माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान की ग्रामीण अंचल की 360 से अधिक मेधावी बेटियों को प्रशस्ति पत्र व डिग्रियों से सम्मानित किया व प्रथम आने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए।

अपने सम्बोधन में ग्रामीण लड़कियों और कुश्ती खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा उन्होंने कहा -

चौधरी देवीलाल को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि वो एक व्यक्ति नहीं, एक सोच व राजनीतिक संस्था थे।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी धर्मपत्नी के साथ संस्थान में पौधारोपण भी किया गया।

****

आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटियों के कुलपतियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए बहुमूल्य और सार्थक सुझाव साझा किए गए।बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी खोलने, नई शिक्षा नीति लागू करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बजट में शिक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादे अनुसार सरकारी मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़ाई करने वाले अन्य पिछडा श्रेणियों और अनुसूचित जाती वर्ग के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृति दी जाएगी। इसके लिए जल्द से जल्द रूपरेखा तैयार करने को खा गया है।

****

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

****

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं और प्रदर्शनकारी किसानों के मार्च को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।चंडीगढ़ की पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल ने कहा है कि पंजाब के संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आज चंडीगढ़ की ओर मार्च के मद्देनजर चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और बैरिकेडिंग की गई है।मोहाली चंडीगढ़ सीमा पर तैनात चंडीगढ़ पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक जसविन्द्र सिंह ने बताया -

उन्होंने बताया कि पुलिस निगरानी बनाए हुए हैं।

****

पानीपत नगर निगम के लिए 9 मार्च को होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण एंव निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

पानीपत के उप मण्डल अधिकारी ब्रहम प्रकाश ने बताया -

उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी का कल और परसों प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पत तरीके से संपन्न करवाया जाएगा उन्होंने राजनीतिक दलों से इस में सहयोग देने की अपील की है।

****

रेलवे होली पर विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है।अंबाला मंडल के रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया कि होली स्पेशल रेलगाड़ियों को लेकर पूरी तैयारी की जा रही है।

उन्होंने बताया -

श्री भाटिया ने कहा कि सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।उन्होंने रेल यात्रियों से होली के दौरान नियमों का पालन करने की अपील की है।

****
******
पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में मौसम में एक बार बदलाव आया है। तापमान बढ़ने के बाद अब फिर सुबह व शाम का पारा गिर रहा है।
मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र कुमार ने बताया –

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में तापमान सामान्य या इससे कम रहेगा।